## एक नजर में


### शासकीय सेवकों के जीपीएफ के गुमशुदा कटौत्रों के निराकरण हेतु शिविर आज

**खण्डवा।** जिला कोषालय अधिकारी आर.एस.गवली ने बताया कि महालेखाकार कार्यालय ग्वालियर द्वारा शासकीय सेवकों के जीपीएफ गुमशुदा कटौत्रे, निष्क्रिय जीपीएफ खाते एवं अप्रविष्ट मदों के निराकरण के लिये इंदौर कोषालय में शिविर आयोजित कर संभाग के सभी जिलों से सम्बंधित प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। आर. एस. गवली ने बताया कि खण्डवा जिले के लिए यह शिविर 16 दिसम्बर को जिला कोषालय इन्दौर में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने खण्डवा जिले के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अपने कार्यालय से सम्बंधित अधिकारी कर्मचारियों के गुमशुदा कटौत्रे, निष्क्रिय खातों, पार्ट वांट व फुल वांट एवं अप्रविष्ट मदों से संबंधित प्रकरणों के निराकरण के लिए अपने कार्यालय के प्रतिनिधि को इस शिविर में भेजें। जिला कोषालय अधिकारी श्री गवली ने आहरण संवितरण अधिकारियों से अपील की है कि जीपीएफ के प्रकरणों के निराकरण के लिए संबंधित दस्तावेज जैसे सामान्य भविष्य निधि कटौत्रा पत्रक, वेतन देयक, चालान की प्रति, कैशबुक, बिल रजिस्टर आदि की प्रमाणित प्रति सहित इन्दौर के शिविर में उपस्थित हों।

### वाहन चालकों से 22800/-रुपए वसूले

**खंडवा।** पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर के मार्गदर्शन में जिला खंडवा मे समस्त थाना प्रभारियों द्वारा यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले दो पहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेलमेट, सीटबेल्ट न लगाने वाले, तेज गति, बिना एचएस आरपी, बिना वैध बीमा वाले वाहनों तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 39 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्रवाई की गई एवं समन शुल्क 22800/-रुपए वसूल किए गए है। उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है। जिले के विभिन्न थानों में 11 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 08 प्रकरणों मे 11 अनावेदकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिले में कुल 11 अनावेदकों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है।

### गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गणना पत्रक 18 दिसम्बर तक भरे जाएंगे



**खण्डवा।** प्रदेश में इन दिनों चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की भारत निर्वाचन आयोग ने समय सीमा बढ़ा दी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अब 18 दिसम्बर 2025 तक एन्युमरेशन फार्म भरने का काम बीएलओ द्वारा किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 23 दिसंबर को होगा। उन्होंने बताया कि जो युवा 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले हैं, वे भी मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6, हटवाने के लिए फॉर्म 7 और सुधार या संशोधन के लिए मतदाता को फॉर्म 8 भरना होगा।


### मैस्कॉट, लोगों व स्लोगन डिजाईन प्रतियोगिता में शामिल होने की अंतिम तिथि बढ़ी

**खण्डवा।** जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन खंडवा द्वारा ''जल संरक्षण'' विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। ये प्रतियोगिताएं ''लोगो'' डिजाइन, ''मैस्कॉट'' डिजाइन और ''स्लोगन लेखन'' से संबंधित होगी। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि लोगो, मैस्कॉट एवं स्लोगन डिजाईन प्रतियोगिता में से प्रत्येक के लिए प्रथम पुरुस्कार की राशि 10 हजार रुपये, द्वितीय पुरुस्कार की राशि 6 हजार रुपये और तृतीय पुरुस्कार की राशि 4 हजार रुपये रहेगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए अंतिम तिथि 15 दिसम्बर थी, नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अंतिम तिथि बढ़ाकर 22 दिसम्बर कर दी गई है। उन्होंने युवाओं और विद्यार्थियों से प्रतियोगिता में शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने की अपील की है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि इस प्रतियोगिता में ऑनलाइन शामिल होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी खण्डवा जिले की एन.आई.सी.की वेबसाईट https://khandwa.nic.in/ पर ''प्रतियोगिता में ऑनलाईन भाग लें'' पर क्लिक करके शामिल हो सकते हैं। अभ्यर्थी प्रतियोगिता में भौतिक रूप से आवेदन करने के लिए जिला पंचायत खण्डवा में डाटा एंट्री ऑपरेटर श्री प्रत्युष शर्मा के पास हार्डकॉपी जमा करा सकते हैं। इसके अलावा ई मेल से waterconservationkhandwa@gmail.com पर भी भेज सकते हैं। अभ्यर्थी ई मेल पर अपना नाम, पता और सम्पर्क हेतु मोबाईल नंबर का विवरण अवश्य दें।

### मिशन अमृत संचय संबंधी परिचर्चा के लिए सम्मेलन आज

**खण्डवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में ''मिशन अमृत संचय'' अभियान के तहत खण्डवा जिले में जल संरक्षण के क्षेत्र में लगातार कार्य जारी हैं। जल संरक्षण सम्बंधी अनुभवों को साझा करने और इस सम्बंध में किए जाने वाले नवाचारों के सम्बंध में परिचर्चा के लिए 16 दिसम्बर को किशोर कुमार सभागृह में सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने बताया कि मिशन अमृत संचय के सम्बंध में जिला पंचायत के सदस्यों, जनपद पंचायत के सदस्यों, नगरीय निकायों के पार्षदों एवं ग्राम पंचायत के सरपंचों का सम्मेलन किशोर कुमार सभागृह में प्रात: 10:30 बजे से आयोजित किया गया है। इसके अलावा नगरीय निकायों के वार्ड प्रभारी पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों का सम्मेलन दोपहर 2 बजे से आयोजित किया गया है।

### श्रीमद् भागवत कथा 22 से निकलेगी भव्य कलश यात्रा



**खंडवा।** किशोर नगर रहवासी संघ, अखिल भारतीय ब्राह्मण महिला मोर्चा, श्री मनोकामनेश्वर हनुमान मंदिर प्रबंधन समिति, मनोकामनेश्वर महिला मंडल एवं मनोकामनेश्वर महादेव जी सेवा समिति के तत्वावधान में 22 से 28 दिसम्बर तक श्रीमद् भागवत कथा का दिव्य आयोजन अवधपुरी भोपाल की संगीत गुरु श्रीमद् भागवत कथा प्रवक्ता कृष्ण प्रिया दीदी सावित्री देवी तिवारी के मुखारविंद से होने जा रहा है। कथा के शुभारंभ अवसर पर क्षेत्र में एक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह जानकारी देते हुए समिति प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन सोमवार 22 दिसम्बर से रविवार 28 दिसम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक किशोर नगर में होगा। धर्मप्रेमी जनता से श्रीमद् भागवत कथा का रसपान लाभ लेने की अपील मनोकामनेश्वर महिला मंडल मातृशक्ति, किशोर नगर रहवासी संघ, अखिल भारतीय ब्राह्मण महिला मोर्चा संघ, रिद्धि-सिद्धि महिला मंडल, श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर, महिला मंडल आनंद नगर, सुभाष नगर, शुक्ला नगर, कावेरी विहार कालोनी आदि समिति पदाधिकारियों, सदस्यों द्वारा की गई है।

# ट्रेन यात्रियों से चोरी किए नौ मोबाइल जीआरपी ने पकड़े

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। जीआरपी ने मोबाइल चोरों के नाक में दम कर रखा है। इनसे 9 मोबाइल भी बरामद किए हैं। इनकी कीमत एक लाख चौंसठ हजार पांच सौ रुपए कीमत है। आरोपी महाराष्ट्र का निवासी है।**

रेलवे यात्रियों से मोबाइल चोरी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाते हुए जीआरपी खंडवा को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जीआरपी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी के नौ मोबाइल फोन के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बरामद मोबाइल की कुल कीमत एक लाख चौंसठ हजार पांच सौ रुपए बताई है।

### मोबाइलों के सौदे की फिराक में था!

जीआरपी थाना खंडवा प्रभारी प्रकाश चंद सेन ने बताया कि खंडवा के फुट ओवर ब्रिज के नीचे एक युवक काले रंग के बैग में चोरी के मोबाइल बेचने की फिराक में घूम रहा है। सूचना मिलते ही जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध युवक को घेराबंदी कर पकड़ लिया। शेख असलम शेख सलीम, उम्र लगभग अट्ठाईस वर्ष, निवासी मदनी नगर, मालेगांव, महाराष्ट्र निकला। उसके बैग से नौ मोबाइल फोन बरामद किए गए।



### कितनी वारदातों को अंजाम दे चुका है आरोपी?

जांच के दौरान मोबाइल की आईएमईआई जांच की गई, जिसमें एक मोबाइल पूर्व में दर्ज चोरी के मामले से संबंधित पाया गया। इसके बाद आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर मोबाइल जब्त किए। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि वह इससे पहले कितनी चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुका है। और इसमें कोई अन्य आरोपी शामिल है या नहीं।

# ग्रामीणों से जलकर और संपत्ति कर नियमित रूप से जमा कराया जाए

**नवभारत न्यूज**

**खण्डवा।** ग्राम पंचायतों में निवासरत ग्रामीणों से जलकर एवं संपत्ति कर जैसे करों की राशि नियमित रूप से जमा कराई जाए, ताकि पंचायतों की आय बढ़े, और इस बढ़ी हुई आय से ग्रामीणों की सुविधा के लिए गांव में विकास कार्य कराए जा सकें। यह निर्देश कलेक्टर ऋषव गुप्ता सोमवार ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिए।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने सभी विभागों के जिला अधिकारियों को हिदायत दी कि आगामी एक सप्ताह में सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें, और सीएम हेल्पलाइन के मामले में अपने अपने विभाग की रैंक और ग्रेड को सुधारें।

उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राजस्व विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन के मामले में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।



### पेंशन एवं अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों का निराकरण करें

कलेक्टर श्री गुप्ता ने सभी विभागों के जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने अपने अधीनस्थ कार्यालयों में अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों के शीघ्रता से निराकरण करें। उन्होंने सेवानिवृत हो चुके कर्मचारियों के लंबित पेंशन प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश भी सभी जिला अधिकारियों को दिए।

### गांवों में जलस्रोतों के आसपास जल पुनर्भरण संरचनाएं बनवाएं

कलेक्टर श्री गुप्ता ने जल जीवन मिशन की सभी ग्रामों में स्थापित की गई पेयजल योजनाओं के जल स्रोतों के आसपास जल पुनर्भरण संरचनाएं स्थापित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ डॉक्टर नागार्जुन बी. गौड़ा ने बताया कि इस वर्ष वर्षा समाप्ति के बाद से अभी तक जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के उद्देश्य से 5000 से अधिक बोरी बंधान संरचनाएं बनाई जा चुकी हैं।

बैठक में जिला पंचायत के सीईओ डॉक्टर नागार्जुन बी. गौड़ा, अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा, अपर कलेक्टर श्री अरविंद चौहान, अपर कलेक्टर श्री के आर बडोले सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी, जिले के एसडीएम, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी भी मौजूद थे।


### ओंकारेश्वर में ऑटो रिक्शा किराया निर्धारण कर सूची प्रदर्शित करें: कलेक्टर

*कलेक्टर श्री गुप्ता ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओंकारेश्वर को निर्देश दिए कि ओंकारेश्वर शहर में सिंगल यूज़ प्लास्टिक व पॉलिथीन के प्रयोग पर सख्ती से प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ओंकारेश्वर में ऑटो रिक्शा किराए का निर्धारण किया जाए और निर्धारित किराए की सूची ऑटो रिक्शा पर तो प्रदर्शित की ही जाए, साथ ही बड़े-बड़े फ्लेक्स बनवाकर बस स्टैंड व शहर के अन्य मुख्य स्थानों पर भी प्रदर्शित किया जाए, ताकि यात्रियों से ऑटो रिक्शा चालक अधिक किराया ना ले सकें।*

# मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ, चंद्रप्रभु के जन्म तप कल्याणक पर आयोजित हुई शांति धारा

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। सराफा स्थित अति प्राचीन पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मूलनायक प्रभु 1008 श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ भगवान एवं अष्टम तीर्थेश्वर श्री 1008 चंद्रप्रभु भगवान का 15 दिसंबर सोमवार पौष वदी एकादशी को प्रात: 7.00 बजे जन्म एवं तप कल्याणक महामहोत्सव मनाया गया।**



समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि इस पावन अवसर पर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में परम पूज्य आचार्य श्री 108 विभव सागर महाराज जी के मुखारविंद से ससंघ सानिध्य में मूलायक प्रभु श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान के मस्तक पर व जलवट में विराजमान श्री 1008 चंद्रप्रभ भगवान के मस्तक पर अभिषेक एवं वृहत शांतिधारा की गई।

समाज के मीडिया प्रभारी प्रेमांशु चौधरी ने बताया कि श्री मूलनायक पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा पर शांतिधारा करने का सौभग्य सुशीला अनिल लुहाड़िया तरुण लुहाड़िया, नीलू लुहाडिया एवं जलवट में विराजमान चंद्रप्रभु भगवान पर शांतिधारा पदमा दीपक सेठी परिवार पार्श्वनाथ भगवान पर शांतिधारा रमेश सेठी, ऋषि सेठी परिवार को प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर वीरेंद्र भटयांण, कैलाश पहाड़िया, सुनील जैन, प्रेमांशु चौधरी, राहुल जैन, प्रेमांशु जैन अधिवक्ता, अजय जैन, अविनाश जैन, पंकज जैन, चौथमल जैन, पंडित निखलेश जैन सहित समाजजन उपस्थित थे।

**"खुशियों की दास्तां"** बच्चों के माता पिता ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया

# हृदयरोग से ग्रसित 11 बच्चे स्वस्थ हुए

**नवभारत न्यूज**

**खण्डवा।** संभागायुक्त इंदौर संभाग व कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में गत 14 सितम्बर को जिले के ग्राम कालमुखी में आयोजित हुए संभागस्तरीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत हृदय रोग से ग्रसित बच्चों का इंदौर के चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर ईको किया गया था। इनमें से 31 बच्चे हृदय रोग से ग्रसित पाए गए थे, जिनका चयन सर्जरी के लिए किया गया था। इनमें से 11 बच्चों के हृदय रोग की सर्जरी आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से अरविंदो हॉस्पिटल इन्दौर में नि:शुल्क कराई गई है।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि इन बच्चों में 10 वर्षीय राजवीर पिता महेश, 8 वर्षीय रीतिका पिता मनोज, 7 वर्षीय रोनक पिता कड़वा, 2 वर्षीय मर्यादा पिता जितेन्द्र, मेहाविश पिता सफीक उम्र 3 वर्ष 6 माह, फेज पिता फिरोज उम्र 11 माह, 8 वर्षीय कानुल पिता कैलाश, सुप्रित पिता रविन्द्र उम्र 1 वर्ष 2 माह, तानिया पिता गोलू उम्र 2 वर्ष 6 माह, 3 वर्षीय अलफिया पिता शकील, 5 वर्षीय विहान पिता ताराचंद शामिल हैं।

आयुष्मान भारत योजना के तहत इन बच्चों के हृदय रोग की सर्जरी इन्दौर में नि:शुल्क कराने के लिए 11 बच्चों के परिजनों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार प्रकट किया है।

# नगर परिषद छनेरा के रिश्वतखोर राजस्व उप निरीक्षक को 3 साल की सजा



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** रिश्वत लेने वाले राजस्व उप निरीक्षक नगर परिषद छनेरा नया हरसूद को तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। न्यायालय विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) खण्डवा अरविन्द सिंह टेकाम ने अभियुक्त किशनलाल चेतमल को धारा 7 क भ्रष्टचार निवारण अधिनियम में तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं 20 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी हरिप्रसाद बांके, एडीपीओ के मुताबिक फरियादी आत्माराम निवासी श्रीकृष्णपुरम कॉलोनी खण्डवा ने वर्ष 2007 में ग्राम छनेरा नया हरसूद में 400 वर्गफिट का एक भूखण्ड क्रय किया था। उसके बाद उसी प्लाट से लगा हुआ दूसरा प्लाट 280 वर्गफिट का वर्ष 2014 में खरीदा था। दोनों प्लाटों का तहसील से नामांतरण हो चुका था। उक्त प्लाट पर मकान बनाने के लिए जनपद परिषद छनेरा से प्लाट का नामांतरण एवं मकान बनाने की अनुमति आवश्यक थी। फरियादी ने नामांतरण एवं मकान बनाने की अनुमति के संबंध में एक आवेदन दिया था।

फरियादी से अभियुक्त किशनलाल चेतमल से मिला तो बातचीत में उसने फरियादी से कहा कि तुम्हारे प्लाट नामांतरण एवं मकान बनाने की अनुमति के लिये खर्चा करना पड़ेगा। बदले में 23 हजार रूपये की रिश्वत की मांग की गई थी। फरियादी की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त इंदौर ने निरीक्षक राहुल गजभिये के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्यवाही की गई थी। किशनलाल चेतमल को फरियादी से अभियुक्त राशि 15 हजार रूपए की रिश्वत राशि लेते हुए रंगेहाथों पकडा था।

### दादाजी धूनी वाले मंदिर निर्माण के लिए प्री बिड मीटिंग




**नवभारत न्यूज**

**खण्डवा। श्री दादाजी धूनी वाले के नये मंदिर निर्माण के लिए वर्तमान मंदिर के आसपास नई फाउंडेशन तैयार की जाएगी। इस फाउंडेशन के प्रथम चरण के निर्माण कार्य में शामिल होने के इच्छुक निविदाकर्ताओं के साथ सोमवार को कलेक्ट्रेट के वीसी रूम में प्री बिड मीटिंग सम्पन्न हुई।**

बैठक में कलेक्टर ऋषव गुप्ता, अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा के अलावा श्री दादाजी धूनी वाले मंदिर ट्रस्ट के प्रमुख पदाधिकारी एवं इच्छुक निविदाकर्ता उपस्थित थे। निविदा की इच्छुक फर्मों के प्रतिनिधियों को बैठक में बताया गया कि निविदा फॉर्म का मूल्य 5 हजार निर्धारित है तथा बिड सेक्योरिटी की राशि 50 हजार रूपये निर्धारित है।

इच्छुक फर्म 22 दिसम्बर को अपरान्ह 3 बजे तक निविदा प्रपत्र क्रय कर सकती है तथा उसी दिन शाम 5 बजे तक जमा करा सकती है।

### शिविर में 163 ने जांच करवाई



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। श्री झूलेलाल मंदिर सिंधी कॉलोनी खंडवा में सोमवार सुबह 07.30 बजे से दोपहर 01.30 बजे तक विशेष चिकित्सा जांच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 163 से भी अधिक जरूरतमंदों ने जांच करवा के शिविर का लाभ लिया।**

सिंधी समाज के प्रवक्ता कमल नागपाल ने बताया कि सुबह 07.30 से दोपहर 01.30 बजे तक जांचों के लिए जरूरतमंद आते रहे। यह शिविर वाहेगुरु परिवार और पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वाधान में स्वर्गीय श्रीमती कीर्ति देवी किशन चंद तीर्थानी की मधुर स्मृति में आयोजित किया गया था। इसमें ब्लड प्रेशर और शुगर की जांचें निशुल्क रखी गई थी, वहीं अन्य महत्वपूर्ण जांचें नाम मात्र के शुल्क के साथ की गई, जिससे 163 से अधिक लोग लाभान्वित हुए।

वाहेगुरु परिवार से पुरषोत्तम तीर्थानी, मोहित तीर्थानी और पूज्य सिंधी पंचायत से अंतरिम अध्यक्ष मेठाराम पिंजानी, मोहन दीवान, अनिल आरतानी, राम वासवानी, मनोज गेलानी, रानी खेमानी, काजल लालवानी सहित कई लोग मौजूद रहे।

### "संबल योजना" के तहत अनुग्रह सहायता योजना के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण आज

**जिला स्तरीय कार्यक्रम खंडवा के कलेक्ट्रेट में आयोजित होगा**

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना एवं म.प्र.भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल की अनुग्रह सहायता योजना के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण का कार्यकम 16 दिसंबर 2025 को अपरान्ह 1 बजे आयोजित किया गया है।

भोपाल के मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल मे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा अनुग्रह सहायता राशि का वितरण सिंगल क्लिक कर डी.बी.टी के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के खाते में ट्रांसफर किया जायेगा।

सहायक श्रम पदाधिकारी ने बताया कि इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम खंडवा के कलेक्ट्रेट में आयोजित होगा।

### जल संरक्षण : कार्यशाला 17 को

**नवभारत न्यूज**

**खण्डवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में ''मिशन अमृत संचय'' अभियान के तहत खण्डवा जिले में जल संरक्षण के क्षेत्र में लगातार कार्य जारी हैं।



जल संरक्षण सम्बंधी अनुभवों को साझा करने एवं जल संरचनाओं को गुणवत्ता युक्त बनाने के लिए इंजीनियर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस सम्बंध में इंजीनियर्स को प्रशिक्षित भी किया जा चुका है। ''मिशन अमृत संचय'' अभियान के तहत जल संरक्षण के किए जाने वाले नवाचारों के सम्बंध में परिचर्चा के लिए 17 दिसम्बर को किशोर कुमार सभागृह में कार्यशाला आयोजित की गई है।

जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने बताया कि यह कार्यशाला प्रात: 9 बजे से प्रारम्भ होगी।